रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4
No. of printed pages : 4

123

423 (IAS)

2018

समाज शास्त्र (सैद्धान्तिक)
SOCIOLOGY (Theory)

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 hours]

[पूर्णांक : 80
[Max. Marks : 80

निर्देश :

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 14 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।

(iii) प्रश्न संख्या 15 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।

(iv) प्रश्न संख्या 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

(v) प्रश्न संख्या 25 गद्यांश पर आधारित है। इस पर पूछे गये उपप्रश्नों का उत्तर दिए गए गद्यांश पर आधारित होगा। तीन उपप्रश्नों में प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं, प्रत्येक उपप्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।

(vi) प्रश्नों के उत्तर सुनिश्चित तथा प्रश्न के अनुकूल होने चाहिए।

(vii) प्रथम प्रश्न से प्रारंभ कीजिए और अन्त तक करते जाइये। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

Instruction :

(i) There are 25 questions in all. All questions are compulsory.

(ii) Question No. 1 to 14 are of 2 marks each, to be answered in about 40 words.

(iii) Question No. 15 to 21 are of 4 marks each, to be answered in about 100 words.

(iv) Question No. 22 to 24 are of 6 marks each, to be answered in about 250 words.

(v) Question No. 25 is based on passage. Subquestions asked on it are to be answered based on the given passage. Each of the three subquestions is of 2 marks, to be answered in about 40 words.

(vi) Answers should be precise and to the point.

(vii) Start from the first question and proceed to the last. Do not waste time over a question which you can not solve.

[P.T.O.

1. सावित्री बाई फुले कौन थी ? इनके द्वारा किए गये समाज–सुधार कार्यों का उल्लेख कीजिए। 2
Who was Savitri Bai Phule ? Mention the social reform works conducted by her.

2. पण्यीकरण या वस्तुकरण क्या है ? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। 2
What is Commoditisation ? Clarify with example.

3. क्षेत्रवाद से आप क्या समझते हैं ? 2
What do you understand by Regionalism ?

4. 'अल्पसंख्यक वर्ग' का क्या तात्पर्य है ? 2
What is the meaning of 'Minority class' ?

5. 'आर्य समाज' की स्थापना किसके द्वारा की गई और क्यों की गई ? 2
Who founded 'Arya Samaj' and why was it founded ?

6. संस्कृतीकरण किसी समूह या समुदाय विशेष के सामाजिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित करता है ? 2
How does 'Sanskritisation' influence the social life of any specific group or community ?

7. पंथनिरपेक्षीकरण का आशय स्पष्ट कीजिए। 2
Clarify the meaning of Secularisation.

8. 'संविधान' से क्या अभिप्राय हैं ? 2
What is meant by 'Constitution' ?

9. 'प्रवसन करने वाले मजदूर' किन्हें कहते हैं ? 2
Who are called 'Migrant Workers' ?

10. मार्क्स और महात्मा गाँधी दोनों ने मशीनीकरण को रोजगार के लिए खतरा क्यों माना ? 2
Why both Marx and Mahatma Gandhi saw mechanisation as a danger to employment?

11. औद्योगीकरण में श्रम विभाजन की क्या भूमिका है ? 2
What is the role of division of labour in Industrialisation ?

12. कम्पनियाँ बाह्यस्रोतों से कार्य क्यों कराती है ? 2
Why companies do their work by outsourcing ?

13. विभिन्न आयुवर्ग के व्यक्ति समाचारपत्र में क्या पढ़ते हैं ? 2
What do the people of different age-group read in newspaper ?

14. बिरसा मुंडा कौन था ? उसके द्वारा संचालित आन्दोलन का उद्देश्य क्या था ? 2
Who was Birsa Munda ? What was the aim of the movement conducted by him ?

15. राष्ट्रीय विकास के नाम पर जनजातियों का सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास किस प्रकार प्रभावित हुआ ? 4
How was the social, economic and cultural development of tribes affected on the name of national development ?

16. 'पारम्परिक व्यापारिक समुदायों' की भारतीय आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था के संदर्भ में विवेचना कीजिए। 4

Discuss the 'Traditional business communities' in reference to Indian economic and social system.

17. उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण कब और क्यों हुआ ? इसकी सामाजिक–सांस्कृतिक विशेषताएँ क्या हैं ? 4

When and why Uttarakhand state came into existance ? What are its socio-cultural characteristics ?

18. लोकतंत्र किसे कहते हैं ? प्रत्यक्ष लोकतंत्र तथा प्रतिनिधिक लोकतंत्र का आशय स्पष्ट कीजिए। 4

What is Democracy ? Clarify the meaning of direct democracy and representative democracy.

19. वर्ष 1950 से 1970 के बीच लागू किए गए भूमि सुधार कानूनों की विवेचना कीजिए। 4

Discuss the land reform laws introduced in between the year 1950 to 1970.

20. जनसंचार के साधन के रूप में टेलीविजन की भूमिका पर प्रकाश डालिए। 4

Illustrate the role of Television as a means of mass communication.

21. सामाजिक आन्दोलनों से आप क्या समझते हैं ? सामाजिक आन्दोलनों के प्रमुख कारकों का उल्लेख कीजिए। 4

What do you understand by Social Movements ? Mention the main factors of social movements.

22. सामाजिक स्तरीकरण किसे कहते हैं ? सामाजिक स्तरीकरण की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 6

What is social stratification ? Describe the main features of social stratification.

अथवा (OR)

नारी आंदोलन ने अपने इतिहास के दौरान कौन–कौन से मुख्य मुद्दे उठाए हैं ? व्याख्या कीजिए।

What are the major issues taken up by the women's movement over its history ? Explain.

23. गिरते हुए स्त्री–पुरुष अनुपात का क्या तात्पर्य है ? भारत में स्त्री–पुरुष अनुपात में गिरावट के सामाजिक कारणों का वर्णन कीजिए। 6

What is the meaning of declining sex-ratio ? Describe the social causes of the declining sex-ratio in India.

अथवा (OR)

जनसंख्या संवृद्धि दर क्या है ? जन्म दर में गिरावट मृत्यु दर की अपेक्षा धीमी दर से आने के कारणों का उल्लेख कीजिए।

What is growth rate of population ? Describe the causes due to which birth rate falls slowly compared to death rate.

24. नगरीकरण किसे कहते हैं ? भारतीय गाँवों पर नगरीकरण के प्रभावों का वर्णन कीजिए। 6
What is Urbanisation ? Describe the effects of urbanisation on Indian villages.

अथवा (OR)

उपनिवेशवाद किसे कहते हैं ? उपनिवेश काल में भारतीय सामाजिक संरचना में हुए परिवर्तनों का वर्णन कीजिए।
What is Colonialism ? Describe the structural changes in Indian society during the colonial period.

25. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए –

भूमंडलीकरण का अर्थ समूचे विश्व में सामाजिक एवं आर्थिक सम्बन्धों के विस्तार के कारण विश्व में विभिन्न लोगों, क्षेत्रों एवं देशों के मध्य अन्तःनिर्भरता की वृद्धि से है। यद्यपि आर्थिक शक्तियाँ भूमंडलीकरण का एक अभिन्न अंग हैं, लेकिन यह कहना गलत होगा कि अकेली ये शक्तियाँ ही भूमंडलीकरण को उत्पन्न करती हैं। भूमंडलीकरण सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के विकास के द्वारा ही सबसे आगे बढ़ा है। इन प्रौद्योगिकियों ने विश्वभर में लोगों के बीच अंतःक्रिया की गति एवं क्षेत्र को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया है। इसके अलावा, हम यह भी देखेंगे कि राजनीतिक संदर्भ में भी इसका विस्तार हुआ।

(क) भूमंडलीकरण का अर्थ बताइए। 2

(ख) भूमंडलीकरण में किन कारकों का योगदान है ? 2

(ग) भूमंडलीकरण ने समाज के किन क्षेत्रों को प्रभावित किया है ? 2

Read the following passage carefully and answer the questions that follow –

Globalisation refers to the growing interdependence between different people, regions and countries in the world as social and economic relationships come to stretch world wide. Although economic forces are an integral part of globalisation, it would be wrong to suggest that they alone produce it. It has been driven forward above all by the development of information and communication technologies that have intensified the speed and scope of interaction between people all over the world. Moreover, as we shall see, there was a political context within which it grew.

(a) What is the meaning of globalisation ?

(b) Which are the factors supporting globalisation ?

(c) Which areas of the society have been mainly affected by globalisation ?

****